प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.04.2026
समय : 01:00 पी.एम.

प्रदेश को कृषि नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की पहल के तहत आज नई दिल्ली में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)–2026' रोडशो आयोजित हो रहा है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी और राज्य के कृषि मंत्री किरोडी लाल मीना भाग ले रहे है। ये रोड शो फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और राजस्थान फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित हो रहा है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेलारूस, भूटान, ब्राज़ील, कनाडा, कोलंबिया, साइप्रस, इजिप्ट, इथियोपिया, फिजी, जॉर्जिया, हंगरी, इटली, कज़ाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, वियतनाम के दूतावासों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए है। रोड शो में कृषि नीति निर्माता, उद्योगपति, स्टार्टअप उद्यमी, एफपीओ, प्रगतिशील किसान और अकादमिक विशेषज्ञ पंहुचे है। इस दौरान विशेष सत्रों में एग्रीटेक नवाचार, बेहतरीन कृषि पद्धतियों और राजस्थान की कृषि में तकनीकी अनुप्रयोग पर गहन चर्चा होगी।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज बहरोड़ क्षेत्र के बिजोरावास गांव पहुंचे। उन्होंने वहां बाबा बिशाह मंदिर परिसर में आयोजित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान शिव अज्ञान और नकारात्मकता के अंधकार को मिटाकर जीवन में ज्ञान और सकारात्मकता का प्रकाश लाने वाले हैं। राज्यपाल ने भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं द्वारा अपनी परंपरा और संस्कृति को आत्मसात करना, सांस्कृतिक पहचान, मूल्य और निरंतरता को जीवित रखने के लिए आवश्यक है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संभावित वृद्धि से संबंधित कुछ समाचारों का खंडन किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें नागरिकों में भय पैदा करने के उद्देश्य से फैलाई गई हैं और ये दुर्भावनापूर्ण तथा भ्रामक हैं। मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए निरंतर कदम उठाए हैं।

अटल पेंशन योजना के अंतर्गत नौ करोड़ लोगों का नामांकन हुआ है जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में कुल नामांकन एक करोड़ पैंतीस लाख हो गया है, जो योजना की शुरुआत के बाद से किसी एक वित्त वर्ष में अब तक का सबसे अधिक नामांकन है।

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट आज सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किये है। केदारनाथ धाम के कपाट कल श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे, जबकि गंगोत्री और यमुनोत्री धामों की तीर्थयात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

केंद्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई, दसवीं परीक्षा 2026 का दूसरा चरण 15 मई से आयोजित करेगा। यह परीक्षा वैकल्पिक है और जो विद्यार्थी पहले चरण में प्राप्त अपने अंक सुधारना चाहते हैं वे इसे दे सकते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किन्ही तीन विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए परीक्षा दे सकते हैं। बोर्ड ने दसवीं के लिए पहली मुख्य परीक्षा के परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किए थे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के

अनुरूप है। इसका उद्देश्य एक शैक्षणिक वर्ष में विद्यार्थियों को दूसरा अवसर देकर परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना है।

आईपीएल श्रृंखला में आज मुम्बई इंडियंस का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। मुम्बई में ये मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। इससे पहले कल एक मैच में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 40 रन से हरा दिया। 160 रन के लक्ष्य के जवाब में लखनऊ की टीम 18 ओवर में सिर्फ 119 रन ही बना सकी। लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। खराब बल्लेबाजी के बावजूद 7 गेम से 10 अंक लेकर इस जीत से राजस्थान रॉयल्स दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। लगातार चौथी बार हार का सामना करने के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स नौवें स्थान पर है।

जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में 25 अप्रैल को होने वाले आईपीएल मैच को देखते हुए जिला कलेक्टर संदेश नायक ने कल स्टेडियम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्, आईपीएल आयोजकों, पीडब्ल्यूडी, अग्निशमन विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियो को निर्देश दिए कि आयोजन से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। गौरतलब है कि 25 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमों के बीच मुकाबला होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव कल तक स्वीकार किए जाएंगे।